# पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

(पूर्व छत्तीसगढ़ आयुष एवं स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय)
सेक्टर 40, नया रायपुर (छ0ग0)
(छ0ग0 अधिनियम क्र0 21/2008 द्वारा स्थापित)

website : www.ddumhsaucg.ac.in

No./F-E-6(1) /NS- 08 /DUHS/EXAM/2026/ 10046 Raipur, Dated /11/06 /2026

## // अधिसूचना //

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़, रायपुर के द्वारा आयोजित की जाने वाली **एम0डी0 आयुर्वेद (आयुर्वेद वाचस्पति)/एम0एस0 आयुर्वेद (आयुर्वेद धन्वंतरि) प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा जुलाई – 2026** हेतु परीक्षा आवेदन जमा करने की तिथियाँ, परीक्षा आवेदन शुल्क एवं समय–सारिणी निम्नानुसार अधिसूचित की जाती है।

1. **परीक्षा आवेदन जमा करने हेतु महत्वपूर्ण तिथियाँ :–**

| क्र. | छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाईन परीक्षा आवेदन जमा करने की प्रारंभ तिथि | छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाईन परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | विलम्ब शुल्क (परीक्षा शुल्क में 10 प्रतिशत विलम्ब शुल्क देय होगा।) के साथ ऑनलाईन परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय को ऑनलाईन परीक्षा आवेदन अग्रेषित करने हेतु अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 18-06-2026 | 24-06-2026 | 25-06-2026 | 27-06-2026 |

**नोटः– 1. प्रथम सेमेस्टर (बैच 2025–2026) के छात्र–छात्राओं के परीक्षा आवेदन निम्न लिंक https://www.tcsion.com/SelfServices/ के माध्यम से स्वीकार किये जावेंगे।**

2. **परीक्षा आवेदन शुल्क :–**

| परीक्षा का नाम | | परीक्षा शुल्क | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| No. | Course Name | MAIN Exam Fees | Welfare | Marksheet | Student Development | Grand Total (In Rs.) |
| 1 | MD/MS Ayurveda 1st Semester | 8700 | 100 | 100 | 100 | 9000 |

3. **समय – सारिणी :–**

**एम0डी0 आयुर्वेद (आयुर्वेद वाचस्पति)/एम0एस0 आयुर्वेद (आयुर्वेद धन्वंतरि) प्रथम सेमेस्टर**

| क्र. | दिनांक | एम0डी0/एम0एस0 प्रथम सेमेस्टर | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | 04.07.2026 | Research Methodology (शोध क्रियाविधि) | 11:00 AM to 02:00 PM |
| 2. | 06.07.2026 | Biostatistics (जैव सांख्यिकी) | |

**नोट :–(1) प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 21/07/2026 तक सम्पन्न करा ली जावें।**

//क्रमशः 2//

4. परीक्षा केन्द्र का नाम :–

| क्र. | परीक्षा केन्द्रों का नाम | परीक्षार्थियों के महाविद्यालयों का नाम |
|---|---|---|
| 1. | शासकीय एन0पी0ए0 आयुर्वेद महाविद्यालय, जी0ई0 रोड, रायपुर | शासकीय एन0पी0ए0 आयुर्वेद महाविद्यालय, जी0ई0 रोड, रायपुर |
| 2. | शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, राजनांदगांव | महावीर कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक सांइस, सुंदरा, राजनांदगांव |

टीप :–

1. परीक्षा आवेदन में आवेदक प्रत्येक विवरण को सावधानीपूर्वक भरें एवं ऑनलाइन आवेदन जमा हो जाने के उपरांत परीक्षा आवेदन तथा प्रत्येक भुगतान की पावती की हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी सम्हाल कर रखें। तकनीकी कारणों से Transaction Failed होने/दोहरा भुगतान होने इत्यादी की दशा में जमा किये गये अतिरिक्त शुल्क की वापसी हेतु उक्त दस्तावेज अनिवार्य हैं।
2. दोहरे भुगतान की स्थिति में शुल्क वापसी हेतु आवेदक छात्र/छात्रा कृपया अपने महाविद्यालय के माध्यम से ही विश्वविद्यालय को आवेदन प्रेषित करें। संबंधित महाविद्यालय उक्त आवेदनों को एकत्र कर, विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाए गये प्रपत्र में विवरण भरकर समस्त संलग्नकों सहित, विश्वविद्यालय को अग्रेषित करेंगे। शुल्क वापसी आवेदक छात्र/छात्राओं के बैंक खाते में की जावेगी। अतः बैंक पासबुक की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ऐसे समस्त छात्र/छात्राओं के शुल्क वापसी (रिफंड) आवेदन जिन्होंने पुनर्मूल्यांकन (RV)/पुनर्गणना (RT)/पैनल मूल्यांकन (PV) इत्यादि में उत्तीर्ण होने, अयोग्य घोषित (Detain) होने के कारण परीक्षा शुल्क की वापसी हेतु आवेदन प्रस्तुत किये हैं के शुल्क वापसी (रिफंड) आवेदन निरस्त किये जावेंगे। संबंधित महाविद्यालय कृपया ऐसे आवेदन विश्वविद्यालय को अग्रेषित न करें।
4. महाविद्यालय पात्रता रखने वाले छात्र/छात्राओं के ही परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय को अग्रेषित करें, **अपात्र** छात्र/छात्राओं के आवेदन अग्रेषित न करें। अपात्र पाये जाने पर छात्र/छात्राओं का परीक्षा परिणाम निरस्त कर दिया जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य एवं महाविद्यालय प्रबंधन की होगी।
5. महाविद्यालय ऑनलाइन परीक्षा आवेदनों का भली–भाँति सूक्ष्म परीक्षण कर ही विश्वविद्यालय को अग्रेषित करें अन्यथा गलत विवरण होने पर संबंधित महाविद्यालय की जवाबदारी होगी। ऑनलाईन परीक्षा आवेदन अग्रेषित करने के पूर्व त्रुटि सुधार अवश्य कर लेवें।
6. महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा आवेदनों को ऑनलाईन अग्रेषित करना ही पर्याप्त है। विश्वविद्यालय में ऑनलाईन आवेदनों की **हार्डकॉपी जमा करने की आवश्यकता नहीं है।**

(Signature) 11-6-26
परीक्षा नियंत्रक

No./F-E-6(1) /NS- 08 /DUHS/EXAM/2026/ 10047 – 52 Raipur, Dated / 11/06 /2026

प्रतिलिपि :–

1. मान. कुलपति जी के सचिव, कुलसचिव जी के निज सहायक, उप–कुलसचिव जी, डी.यू.एच.एस., रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित्।
2. केन्द्राध्यक्ष/अधिष्ठाता, समस्त संबद्ध महाविद्यालय, डी.यू.एच.एस., रायपुर, की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित्।
3. विकास/गोपनीय/आई.टी. (गोपनीय)/परीक्षा/लेखा विभाग, डी.यू.एच.एस., रायपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित्।
4. आई.टी. शाखा, विश्वविद्यालय की वेबसाईट में अधिसूचना की प्रति अपलोड करने हेतु प्रेषित्।
5. संपादक, स्थानीय समाचार पत्रों को उपरोक्त अधिसूचना समाचार के रूप में प्रकाशनार्थ प्रेषित्।
6. अधिसूचना की जानकारी हेतु विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.ddumhsaucg.ac.in का अवलोकन करें

(Signature) 11/06/2026
प्रभारी–कुलसचिव